दिन– मंगलवार

दिनांक– 01 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी। अगले दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक नौकरी सृजन का लक्ष्य।

02. अयोध्या की तर्ज पर माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम को विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने लगभग आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

03. रेलवे ने आज से यात्री रेल सेवा के मूल किराये में वृद्धि लागू की। तत्काल टिकट के लिए आधार हुआ अनिवार्य।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। रोहतास के इंद्रपुरी में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक नौकरी सृजन का लक्ष्य है। इस योजना पर लगभग एक लाख करोड़ रूपये की लागत आएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन पंद्रह हजार रुपये तक मिलेगा।

–––बाइट–––

सूचना और प्रसारण मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय खेल नीति– दो हजार पच्चीस को भी मंजूरी दी है।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है।

---

अयोध्या की तर्ज पर माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम को विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके लिए लगभग आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसमें पुराने मंदिर के उन्नयन के लिए एक सौ सैंतीस करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं।

---बाइट---

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत छात्रों को तीन महीने से बारह महीने के इंर्टनशिप के लिए राशि दी जाएगी।

---बाइट---

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके तहत राज्य के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाएग।

---बाइट---

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने राज्य की पुरानी और विलुप्त हो रही कलाओं को बचाने और इसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री गुरू–शिष्य परंपरा योजना को शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

---बाइट---

---

प्रदेश में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत राज्य से बाहर रहने वाले मतदाताओं को भी गणना प्रपत्र भरना होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि बाहर रहने वाले लोग आयोग की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर स्वप्रमाणित दस्तावेज के साथ छब्बीस जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

———————————————————————

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में आज से बदलाव किया है। गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। इनका किराया एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य शुल्कों में भी कोई बदलाव नहीं होगा। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

———रिपोर्ट———

द्वितीय श्रेणी के यात्री किराया पांच सौ किलोमीटर तक अपरिवर्तित रहेगा, पर इससे अधिक दूरी के लिए प्रत्येक किलोमीटर आधे पैसे की वृद्धि होगी। यात्रियों को अब पांच सौ एक से 15 सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिए पांच रुपये, 15 सौ एक से 25 सौ किलोमीटर की दूरी के लिए 10 रुपये तथा 25 सौ एक से तीन हजार किलोमीटर की दूरी के लिए 15 रुपये अधिक देने होंगे। साधारण, स्लिपर श्रेणी और फर्स्ट क्लास के यात्रियों को भी प्रति किलोमीटर आधा पैसा अधिक देना होगा। यह किराया संशोधन राजधानी, शताब्दी, दुरन्तो, वन्दे भारत और तेजस जैसी प्रीमियर और विशेष ट्रेन सेवाओं पर भी लागू होगा। संशोधित किराया एक जुलाई या उसके बाद लिये गए टिकटों पर लागू होगा, जबकि इससे पहले जारी किए गए टिकट बिना किसी किराया समायोजन के मौजूदा दरों पर ही वैध रहेंगे। आनंद कुमार की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

इधर, रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग में आज से आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य टिकट की कालाबाजारी पर रोक लगाना और टिकट बुकिंग प्रक्रिया को केवल वास्तविक यात्रियों तक सीमित रखना है। साथ ही अब यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन खुलने से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेलवन ऐप का शुभारंभ किया। यह सभी रेल यात्री सेवाओं के लिए वन–स्टॉप समाधान है। नई दिल्ली में सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए।

———बाइट———

हमारा सारा फोकस कस्टमर की सेफ्टी पर पैसेंजर की सेफ्टी पर रहना चाहिए। सेफ्टी फस्ट कोई भी इंसीडेंस हो उसके रूट कॉज में जाना चाहिए। एकाउन्टीबिलिटी फिक्स होनी चाहिए। रूट कॉज को सॉल्व करके भविष्य में ऐसी प्रॉब्लम ना आए, वह हमें सोचना चाहिए। हमें अपने जितने भी इक्यूपमेंट यूज करते हैं, कई गुने बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। क्वालिटी बहुत इंपॉर्टेंट है। बैटर क्वालिटी आने से रिलायबिलिटी बढेगी, रिलायबिलिटी बढ़ने से सेफ्टी बढ़ेगी। ऑपरेशंस सहज होंगे।

श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट भी बुक कर सकते हैं। रेलवन ऐप को एंड्रॉयड प्ले और आईओएस ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

———————————————————————

भाजपा ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा वक्फ संशोधन कानून को लेकर दिये गए बयान की कड़ी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह मामला अभी सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। ऐसे में इस कानून को लेकर दिये गए अराजक बयान एक तरह से सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना है। उन्होंने कहा कि कुछ दल तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, उन्हें संवैधानिक मूल्यों से कोई लेना–देना नहीं है।

———बाइट———

जो कानून संसद में पारित हुआ। माननीय राष्ट्रपति जी ने उसे स्वीकृति दी, क्या कोई प्रदेश की सरकार केंद्र के कानून को कूड़ेदान में डाल सकती है। पहला सवाल, दूसरा सवाल यह है, हम सब जानते हैं यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, इस मामले को ऑर्डर के लिए रिजर्व किया हुआ है। तो मैं यह पूछना चाहता हूं, दूसरा सवाल तेजस्वी यादव जी, सर्वोच्च न्यायालय की अब अवमानना क्यों कर रहे हैं।

———————————————————————

दरभंगा से मुम्बई के लिए हवाई सेवा आज से शुरू हो गयी है। स्थानीय सांसद गोपालजी ठाकुर ने आज दरभंगा हवाई अड्डे पर विमान के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, अरवल, मुंगेर, भोजपुर, सीवान, सारण और समस्तीपुर समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के इंद्रपुरी में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, पश्चिम चंपारण और कैमूर जिले में कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———बाइट——— मौसम——— 30 सें.

---

दरभंगा जिले के मब्बी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–सत्ताईस पर वाहनों की जांच पर लगी परिवहन विभाग के वाहन को एक अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में प्रवर्तन अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

पटना के दानापुर स्थित उड़ान टोला सूर्य मंदिर के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को ई–मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी को देखते हुए एयरपोर्ट परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। कहीं से कोई विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी। अगले दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक नौकरी सृजन का लक्ष्य।

02. अयोध्या की तर्ज पर माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम को विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार ने लगभग आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

03. रेलवे ने आज से यात्री रेल सेवा के मूल किराये में वृद्धि लागू की। तत्काल टिकट के लिए आधार हुआ अनिवार्य।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी। रोहतास के इंद्रपुरी में सबसे अधिक इक्यानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।